

## अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक की कलम से...

01 जुलाई 2024

**प्रिय साथियो,**

जलवायु परिवर्तन से निपटने के वैश्विक प्रयासों ने स्वच्छ ऊर्जा स्रोतों की मांग में काफी वृद्धि की है। देश की अग्रणी जलविद्युत कंपनी एनएचपीसी, इस नई ऊर्जा परिदृश्य में महत्वपूर्ण और सार्थक योगदान देने के लिए तत्पर है। मुझे पूरा विश्वास है कि हम सामूहिक मेहनत और समर्पण से भारत सरकार और अपने सभी हितधारकों की अपेक्षाओं को पूरा करने मे सफल होंगे।

मुझे और श्री उत्तम लाल, निदेशक (कार्मिक) को दिनांक 18 जून 2024 को नई दिल्ली में भारत सरकार के केंद्रीय विद्युत और आवास व शहरी मामलों के मंत्री के रूप में कार्यभार संभालने वाले श्री मनोहर लाल खट्टर को बधाई देने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। इस अवसर पर माननीय मंत्री जी को एनएचपीसी द्वारा की जा रही विभिन्न गतिविधियों और पहलों की जानकारी दी गई। इससे पूर्व 11 जून 2024 को, मैंने नई दिल्ली में श्री श्रीपद येसो नाइक से मुलाकात की और भारत सरकार के विद्युत और नवीन व नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के राज्यमंत्री के रूप में कार्यभार संभालने पर एनएचपीसी परिवार की ओर से बधाई दी।

सुबनसिरी लोअर जलविद्युत परियोजना में प्रेशर शाफ्ट स्टील लाइनर संख्या: 8 का निर्माण 15 जून 2024 को पूरा हो गया। कुल आठ प्रेशर शाफ़्टों में से दो स्टील लाइनर का निर्माण का पूरा हुआ है। रंगीत- IV जलविद्युत परियोजना में यूनिट 2 के स्टेटर को 6 जून 2024 को जेनरेटर पिट में सफलतापूर्वक उतारा गया। मुझे यह बताते हुए प्रसन्नता हो रही है कि एनएचपीसी ने 750 मेगावाट वेस्ट सेती जलविद्युत परियोजना (नेपाल) की ड्राफ्ट डीपीआर, एनएचपीसी और आईबीएन के बीच हुए समझौता ज्ञापन की समय सीमा के भीतर ही 19 जून 2024 को इंवेस्टमेंट बोर्ड, नेपाल को सौंप दिया है।

ओंकारेश्वर पावर स्टेशन के जलाशय में ओंकारेश्वर फ्लोटिंग सौर परियोजना के 88 मेगावाट में से 48.4 मेगावाट को 22 जून 2024 को कमीशन कर दिया गया है। नई प्रौद्योगिकियों के माध्यम से नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देने की दिशा में एनएचपीसी का यह एक महत्वपूर्ण कदम है।

अरुणाचल प्रदेश में संचालित एनएचपीसी की परियोजनाओं के दौरे के दौरान, मैंने श्री आर.के. चौधरी, निदेशक (तकनीकी और परियोजनाएं) के साथ 25 जून 2024 को अरुणाचल प्रदेश के माननीय उपमुख्यमंत्री श्री चौना मीन से मुलाकात की और अरुणाचल प्रदेश में परियोजनाओं की चल रही गतिविधियों के संबंध में व्यापक चर्चा की। इस अवसर पर श्री ओजिंग तासिंग, माननीय ग्रामीण विकास और पंचायती राज मंत्री और श्री धर्मेंद्र कुमार, मुख्य सचिव, अरुणाचल प्रदेश सरकार भी उपस्थित थे। 26 जून 2024 को, हमने सुबनसिरी लोअर जलविद्युत परियोजना के विभिन्न स्थलों का दौरा किया और परियोजना के कार्यों की प्रगति की समीक्षा की।

मुझे यह बताते हुए प्रसन्नता और सम्मान का अनुभव हो रहा है कि एनएचपीसी में योगदान के लिए मुझे 4 जून 2024 को दलाल स्ट्रीट इन्वेस्टमेंट जर्नल द्वारा 'पीएसयू अवार्ड ऑफ द ईयर 2023' के अंतर्गत 'रोल ऑफ ऑनर' से सम्मानित किया गया। मैं यह सम्मान एनएचपीसी के सभी कार्मिकों को समर्पित करता हूं तथा एनएचपीसी के प्रति आपकी प्रतिबद्धता के लिए आभार व्यक्त करता हूँ।

जून 2024 के दौरान एनएचपीसी का संचयी राजस्व संग्रह 1867.71 करोड़ रुपये रहा। जून 2024 के अंत में सभी एनएचपीसी पावर स्टेशनों का कुल संचयी विद्युत उत्पादन 6978.9 मिलियन यूनिट रहा।

**इस माह की अन्य मुख्य विशेषताएँ:**

- जीएसईसीएल खावड़ा सोलर पार्क में 200 मेगावाट की सौर परियोजना को स्थापित करने और सीओडी से 25 वर्ष की अवधि के लिए जीयूवीएनएल को बिजली बिक्री हेतु एनएचपीसी और गुजरात ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड के बीच दिनांक 27 जून 2024 को वडोदरा में पीपीए पर हस्ताक्षर किए गए।
- 40 मेगावाट की सौर परियोजना, गंजम (उड़ीसा) को स्थापित करने और सीओडी से 25 वर्ष की अवधि के लिए ग्रिडको को बिजली बिक्री हेतु एनएचपीसी और ग्रिडको के बीच दिनांक 29 जून 2024 को पीपीए पर हस्ताक्षर किए गए।
- श्री आर.के. चौधरी, निदेशक (तकनीकी और परियोजनाएं) ने कोलकाता में जियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया के महानिदेशक श्री जनार्दन प्रसाद से मुलाकात की और एनएचपीसी की 1720 मेगावाट कमला जलविद्युत परियोजना (अरुणाचल प्रदेश) से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। जीएसआई के महानिदेशक ने परियोजना के भूवैज्ञानिक मूल्यांकन में तेजी लाने के लिए एनएचपीसी को हरसंभव सहायता प्रदान करने का आश्वासन दिया।
- दिनांक 7 जून 2024 को एनएचपीसी के स्वतंत्र निदेशक श्री उदय सखाराम निर्गुडकर और श्री पी. गोवर्धनन ने एनपी कुंटा (आंध्र प्रदेश) में 100 मेगावाट सौर ऊर्जा परियोजना का दौरा किया और भूमि अधिग्रहण और अन्य गतिविधियों की प्रगति की समीक्षा की।
- दिनांक 12 जून 2024 को एनएचपीसी के स्वतंत्र निदेशक श्री जिजी जोसेफ ने कार्यपालक निदेशक (आरईएंडजीएच), एनएचपीसी के साथ त्रिवेंद्रम में श्री बीजू प्रभाकर, सीएमडी, केएसईबी तथा केएसईबी के निदेशक (आरईईएस) से मुलाकात की।
- एनएचपीसी ने अनुसंधान एवं विकास गतिविधियों में सहयोग के लिए महाराजा रणजीत सिंह पंजाब तकनीकी विश्वविद्यालय (बठिंडा) के साथ दिनांक 18 जून 2024 को एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया।
- दिनांक 18 जून 2024 को, एनएचपीसी ने डॉ. अमित कंसल, स्वतंत्र निदेशक, एनएचपीसी और कार्यपालक निदेशक (क्षेत्रीय कार्यालय), चंडीगढ़ की उपस्थिति में, सुनाम उधम सिंह वाला रेलवे स्टेशन, संगरूर (पंजाब) में 100 फुट के राष्ट्रीय ध्वज को स्थापित करने के लिए सामाजिक और सांस्कृतिक जागरूकता संगठन, नई दिल्ली के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया।
- चुटक पावर स्टेशन ने दिनांक 18 जून 2024 को सीएसआर और एसडी गतिविधियों के अंतर्गत सीएचसी सांकू को मोबाइल मेडिकल यूनिट प्रदान की। इसके अतिरिक्त दिबांग बहुउद्देशीय जलविद्युत रियोजना ने दिनांक 24 जून 2024 को उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, डंबुक, लोअर दिबांग घाटी (अरुणाचल प्रदेश) को 32 सीटर स्कूल बस प्रदान की।
- एनएचपीसी ने दिनांक 25 जून 2024 को सीएसआर के तहत केरल के 600 शिक्षार्थियों के लिए प्रशिक्षण सत्र प्रदान करने के लिए बिग फाउंडेशन, नई दिल्ली के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

- कार्मिकों के बच्चों के लिए आकर्षक, मनोरंजक और शैक्षणिक मंच प्रदान करने के उद्देश्य से दिनांक 25 जून 2024 को निगम मुख्यालय में 'तेजस्व'- क्विज का आयोजन किया गया।
- 5 जून 2024 को एनएचपीसी के विभिन्न लोकेशनों पर विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। निगम मुख्यालय में भी वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए गए।
- 21 जून 2024 को एनएचपीसी के सभी लोकेशनों पर 10वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया गया।

मैं गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर आप सभी को अपनी हार्दिक शुभकामनाएं देता हूँ।

भवदीय,

राजेन्द्र गोयल

**(आर.पी. गोयल)**
**अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक**